Regarding need to expedite the work of PM MITRA Park in Misrikh,Uttar Pradesh-laid

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): माननीय प्रधानमंत्री जी ने 6 अक्टूबर 2021 में पीएम मित्र योजना का शुभारंभ किया था, जिसके अंतर्गत पूरे देश में 7 इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं ।

इसके लिए में श्रद्धेय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं और हार्दिक अभिनंदन करता हूं कि इसमें हरदोई और लखनऊ के बीच में सीमा पर इस योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क की भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका लगभग 40% हिस्सा मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रित के अंतर्गत भी आता है, जिसका 18 अप्रैल 2023 को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया था ।

इस पीएम मित्र पार्क का कुल क्षेत्रफल 1,000 एकड़ है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपए का निवेश होने की संभावना है और इसे एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होने की उम्मीद है । लेकिन, उपरोक्त पीएम मित्र पार्क का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त पीएम मित्र योजना का कार्य तीव्र गति से पूर्ण करवाए जाने हेतु निर्देशित किया जाए जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ शीघ्रता से मिल सके ।